सूचना और प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती ऑडियंस रिसर्च ने 'न्यूजऑनएयर रेडियो लाइवस्ट्रीम ग्लोबल रैंकिंग' जारी की

प्रविष्टि तिथि: 18 JUN 2021 5:55PM by PIB Delhi

आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) की 240 से भी अधिक रेडियो सेवाओं का 'न्यूजऑनएयर एप' पर सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) किया जाता है, जो प्रसार भारती का आधिकारिक एप है। 'न्यूजऑनएयर एप' पर उपलब्ध आकाशवाणी की इन स्ट्रीम के श्रोतागण बड़ी संख्या में हैं जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में 85 से भी अधिक देशों में और विश्व भर के 8000 शहरों में भी हैं।

यहां भारत के अलावा उन शीर्ष देशों की भी एक झलक पेश की गई है, जहां 'न्यूजऑनएयर' सबसे लोकप्रिय है; दुनिया के बाकी हिस्सों में 'न्यूजऑनएयर एप' पर उपलब्ध आकाशवाणी की शीर्ष स्ट्रीम की भी एक झलक पेश की गई है। आप इसका देश-वार विवरण भी देख सकते हैं। ये समस्त रैंकिंग 1 जून से लेकर 15 जून, 2021 तक के पाक्षिक आंकड़ों पर आधारित हैं। इस डेटा में भारत शामिल नहीं है।

इन नई रैंकिंग में एक अहम बदलाव के तहत इन देशों में 'न्यूजऑनएयर एप' की लोकप्रियता के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने फ्रांस को पूरी दुनिया में शीर्ष देश के रूप में विस्थापित कर दिया है या पीछे छोड़ दिया है। फ्रांस अब दूसरे नंबर पर है। जापान शीर्ष 10 देशों की श्रेणी में शामिल होने वाला नया देश है।

शीर्ष रेडियो स्ट्रीम की ग्लोबल रैंकिंग देखने के लिए अंग्रेजी का अनुलग्नक यहां क्लिक करें

***

एमजी/एएम/आरआरएस - 9699

(रिलीज़ आईडी: 1728297) आगंतुक पटल : 77

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Telugu , English , Urdu , Marathi , Punjabi , Tamil